# एशिया महाद्वीप-01

1. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**
(a) एशिया क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा एवं जनसंख्या की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है।
(b) बांग्लादेश म्यांमार एवं श्रीलंका पश्चिम एशिया के देश हैं।
(c) एशिया महाद्वीप की 80% भूमि कृषि योग्य है।
(d) मलेशिया एवं इंडोनेशिया दक्षिण-पूर्व एशिया के देश हैं।

2. **'पामीर ग्रंथि (Pamir knot)' अवस्थित है-**
(a) दक्षिण-पश्चिम एशिया में
(b) दक्षिण पूर्व एशिया में
(c) दक्षिण-मध्य एशिया में
(d) यूरोप के पश्चिमी भाग में

3. **एशिया महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1.इस महाद्वीप का अक्षांशीय विस्तार केवल उत्तरी गोलार्द्ध में है।**
**2.इस महाद्वीप का देशांतरीय विस्तार केवल पूर्वी गोलार्द्ध में है।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

4. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1.ओब, येनेसी एवं लीना नदियाँ साइबेरिया के मैदान में बहती हैं।**
**2.संसार की सबसे बड़ी झील बेकाल साइबेरिया में स्थित है।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

5. **निम्नलिखित पर्वत शृंखलाओं पर विचार कीजिये:**
**1.तिएनशान पर्वत शृंखला**
**2.क्युनलुन पर्वत शृंखला**
**3.काराकोरम पर्वत शृंखला**
**उपर्युक्त में से कौन-सी पर्वत शृंखलाएँ एशिया महाद्वीप में स्थित है?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

6. **'माउंट आराराट' गंथि के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1.इस ग्रंथि पर एलबुर्ज पर्वत श्रेणी एवं जैगरोस पर्वत श्रेणी आकर मिलती है।**
**2.यह ग्रंथि एलबुर्ज पर्वत श्रेणी को अलग करती है।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

7. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.माउंट एवरेस्ट एवं $K_2$ दोनों हिमालय पर्वत शृंखला की चोटियाँ हैं।**
**2.अनातोलिया का पठार प्राचीन शैलों से निर्मित् है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

8. **निम्नलिखित में से कौन-सी नदी एशिया महाद्वीप में स्थित है?**
**1. फरात नदी** **2. पो नदी**
**3. इरावदी नदी** **4. राइन नदी**
**5. मेकॉन्ग नदी**
**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 5
(d) केवल 2, 4 और 5

9. **निम्नलिखित में से कौन-से द्वीप-समूह एशिया महाद्वीप में स्थित है?**


उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

1. हिंदेशिया 2. वेस्टइंडीज
3. फिलीपींस 4. जापान

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

**10. निम्नलिखित में से वे कौन-से कारक है, जो एशिया महाद्वीप जलवायु को प्रभावित करते हैं?**
**1. एशिया का विशाल आकार**
**2. इसका व्यापक अक्षांशीय विस्तार**
**3. यूरोप के साथ इसकी खुली सीमाएँ**
**4. इसका वृहद् पर्वतीय अवरोध**
**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**11. एशिया महाद्वीप की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) शीत ऋतु में यहाँ वर्षा नहीं होती है।
(b) ग्रीष्म ऋतु में एशिया के अधिकांश भागों में वर्षा होती है।
(c) वर्खोयांस्क उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे ठंडा स्थान है।
(d) मॉसिनराम में विश्व की सबसे अधिक वर्षा होती है।

**12. निम्नलिखित में से कौन-सी वनस्पतियाँ एशिया महाद्वीप में पाई जाती हैं?**
**1. टुंड्रा वनस्पति**
**2. टैगा वनस्पति**
**3. मरुस्थलीय वनस्पति**
**4. स्टेपीज घास के मैदान**
**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**13. एशिया महाद्वीप के मरुस्थलों पर विचार कीजिए-**
**1. अरब का मरुस्थल**
**2. तिब्बत का मरुस्थल**
**3. गोबी का मरुस्थल**
**4. थार का मरुस्थल**
**उपर्युक्त में से कौन-से उष्ण मरुस्थल है?**
(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. एशिया महाद्वीप के दक्षिण, दक्षिण-पूर्व एवं पूर्वी भागों में मानसूनी वन पाए जाते हैं।**
**2. सागौन, साल एवं चंदन मानसूनी वन के वृक्ष हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
**1. एशिया महाद्वीप की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में रहती है।**
**2. जापान की अधिकांश जनसंख्या नगरीय है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**16. निम्नलिखित में से कृषि की कौन-सी पद्धतियाँ एशिया महाद्वीप में प्रचलित हैं?**
**1. स्थानांतरी कृषि पद्धति**
**2. सघन कृषि पद्धति**
**3. विस्तृत कृषि पद्धति**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (एशिया महाद्वीप की प्रमुख फसल) | | सूची-II (उपयुक्त जलवायु) | |
|---|---|---|---|
| A | चावल | 1 | उपोष्ण और शीतोष्ण जलवायु |
| B | गेहूँ | 2 | उष्ण और आर्द्र जलवायु |
| C | कपास | 3 | शुष्क जलवायु |
| D | ज्वार | 4 | अर्द्धशुष्क जलवायु |

**कूट:-**
(a) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4
(b) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-2,**B**-1,**C**-4,**D**-3
(d) **A**-2,**B**-1,**C**-3,**D**-4

**18. निम्नलिखित में से कौन-से वन एशिया महाद्वीप में मिलते हैं?**
**1.शीतोष्ण कटिबंधीय कोणधारी वन**
**2.मानसूनी वन**
**3.विषुवतीय वन**
**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**19. एशिया के खनिज संसाधनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**1.अभ्रक और बॉक्साइट मुख्यत: भारत में पाए जाते है।**
**2.टिन मुख्यत: मलेशिया में पाया जाता है।**
**3.मध्य, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण एशिया के देशों में खनिज, तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**20. निम्नलिखित में से किनकी अवस्थिति पाकिस्तान में है?**
(a) किरथर पर्वत श्रेणी
(b) पोटवार का पठार
(c) बोलन दर्रा
(d) उपर्युक्त सभी

**21. सिंधु नदी की सहायक नदियों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए-**
**1. चेनाब 2. रावी**
**3. सतलुज 4. काबुल**
**उपर्युक्त में से कौन-सी नदियाँ पाकिस्तान में पूर्व से आकर मिलती हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.पाकिस्तान में वर्षा की मात्रा दक्षिण की उत्तर की ओर कम होती जाती है।**
**2.पाकिस्तान के उत्तरी भाग में स्टैपी प्रकार की वनस्पतियाँ पाई जाती हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/ से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**23. पाकिस्तान का 'मिथाल क्षेत्र' निम्नलिखित में से किसके लिये प्रसिद्ध है?**
(a) खनिज तेल
(b) प्राकृतिक गैस
(c) अणुशक्ति केंद्र
(d) लौह अयस्क

**24. पाकिस्तान के शहरों के संदर्भ में निम्नलिखित में से उत्तर से दक्षिण कौन-सा क्रम सही है?**
(a) कराची-लाहौर-मुल्तान-इस्लामाबाद
(b) कराची-मुल्तान-लाहौर-इस्लामाबाद
(c) इस्लामाबाद-लाहौर-मुल्तान-कराची
(d) इस्लामाबाद-मुल्तान-लाहौर-कराची

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.अक्षांशीय आधार पर नेपाल का विस्तार केवल उत्तरी गोलार्द्ध तक सीमित है।**
**2.देशांतरीय आधार पर नेपाल का विस्तार पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों गोलार्द्धों में है।**


उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**3.नेपाल के निम्न उच्चावच वाली भूमि को 'तराई' कहते हैं।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 3

(b)केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d)1, 2 और 3



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213